सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

——————

**राज्यपाल ने जनपद सीतापुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण कर विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया, उनकी समस्याएं जानीं एवं उनके सपनों और आकांक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की**

——————

**राज्यपाल ने विद्यार्थियों को खेलों में भी सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया और कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों की सुविधाएं विद्यालय में उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया**

———————

**स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ और जागरूक मस्तिष्क का विकास संभव**

—राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

———————

लखनऊ : 14 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने आज जनपद सीतापुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित स्मार्ट क्लास का अवलोकन किया तथा उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं जानीं एवं उनके सपनों और आकांक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर उन्होंने विज्ञान विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी की सराहना की, जिसने 94 अंक अर्जित किए थे। राज्यपाल जी ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि उन्हें आत्मवि  वास के साथ आगे बढ़ना है, डर को त्याग कर अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करना है, चाहे वह इंजीनियर बनना हो, ड्रोन उड़ाना हो या जीवन में ऊँचाइयों को छूना हो।

उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में भी सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया और कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल आदि खेलों की सुविधाएं विद्यालय में उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। कंप्यूटर शिक्षा की जानकारी लेते हुए उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे।

उन्होंने स्वच्छता का महत्व समझाते हुए कहा कि विद्यालय, घर और आसपास की सफाई हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण में ही स्वस्थ और जागरूक मस्तिष्क का विकास संभव है। गंदगी से बीमारियाँ और कुपोषण की समस्याएं उत्पन्न होती हैं, जो पोषण के लक्ष्य को बाधित करती हैं।

उन्होंने यह भी आ  वासन दिया कि सरकार विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता करेगी। चाहे वह पाठ्यपुस्तकें हों, नोटबुक हों या अन्य शैक्षणिक सामग्री, हर आवश्यकता को पूरा किया जाएगा, ताकि छात्र–छात्राएं भविष्य में उच्च पदों पर पहुँचकर राष्ट्र का गौरव बढ़ा सकें।

इस अवसर पर जिला प्र  ाासन सहित प्रधानाचार्य, अध्यापक, अध्यापिकाएं, विद्यार्थीगण तथा अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

————————

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0ः 9161668080






